**दिनांक : 27 अगस्त, 2021**

# राष्ट्रीय दलों के आय एवं व्यय का विश्लेषण : वित्तीय वर्ष 2019-20

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स
द्वारा विश्लेषित रिपोर्ट

पता: टी- 95 दूसरा मंजिला, सी एल हाउस, गौतम नगर
(नजदीकी गुलमोहर कमर्शियल काम्प्लेक्स)
दिल्ली – 110049
ईमेल: adr@adrindia.org; दूरभाष : 011- 4165 4200

# विस्तृत रिपोर्ट

## प्रस्तावना

राजनीतिक दल विभिन्न स्त्रोतों से दान प्राप्त करते हैं इसलिए जवाबदेही और पारदर्शिता उनके कामकाज का महत्वपूर्ण पहलू होना चाहिए | व्यापक और पारदर्शी लेखा प्रणाली के लिए पार्टियों को सही वित्तीय स्थिति प्रदर्शित करना आवश्यक है | भारत निर्वाचन आयोग (ई.सी.आई.) ने 19 नवम्बर, 2014 को राजनीतिक दलों के अध्यक्षों/महामंत्रियों को सम्बोधित करते हुए अपने पत्र में लिखा कि सभी दलों को उनकी ऑडिट रिपोर्ट का विवरण प्रस्तुत करना अनिवार्य है |

इस रिपोर्ट में राष्ट्रीय दलों के कुल आय और व्यय का विश्लेषण है जो उन्होंने वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए अपने आयकर में भारत निर्वाचन आयोग के समक्ष प्रस्तुत किया | राष्ट्रीय दलों में भारतीय जनता पार्टी (**बीजेपी**), इंडियन नेशनल कांग्रेस (**कांग्रेस**), बहुजन समाज पार्टी (**बीएसपी**), नेशनल कांग्रेस पार्टी (**एनसीपी**), कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ़ इंडिया (**सीपीआई**), कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ़ इंडिया (मार्क्सिस्ट) (**सीपीएम**), आल इंडिया तृणमूल कांग्रेस (**एआइटीसी**) और नेशनल पीपुल्स पार्टी (**एनपीईपी**) है |

## राष्ट्रीय दलों द्वारा प्रस्तुत ऑडिट रिपोर्ट


- राजनीतिक दलों के लिए वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत करने की नियमित तारीख **30 जून, 2021** थी जो की **कोविड-19 महामारी** को ध्यान में रखते हुए चुनाव आयोग ने समय सीमा विस्तारित की थी |
- **कांग्रेस, एनसीपी, सीपीआई, तृणमूल कांग्रेस और बीएसपी** दलों ने ही अपने ऑडिट रिपोर्ट्स निर्धारित समयसीमा से पहले प्रस्तुत की है | **बीजेपी** ने निर्धारित समयसीमा तिथि के **21 दिन** बाद जमा किया जबकि **एनपीईपी** का ऑडिट रिपोर्ट **57 दिनों** के बाद भी चुनाव आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध नहीं है |

| National Parties due date for submission: 31st Oct,'20 - Commission in view of Covid19 Pandemic extended the submission date of Annual Audit Report to 30-06-2021 | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| National Political Parties | | | | | |
| **S. No.** | **Political Party** | **Party Code** | **Status of submission** | **Date of submission** | **No. of days by which delayed** |
| 1 | Bahujan Samaj Party | **BSP** | Submitted with on time | 29 December, 2020 | - |
| 2 | All India Trinamool Congress | **AITC** | Submitted with on time | 18 January, 2021 | - |
| 3 | Communist Party of India (Marxist) | **CPM** | Submitted with on time | 3 February, 2021 | - |
| 4 | Communist Party of India | **CPI** | Submitted with on time | 2 March, 2021 | - |
| 5 | Indian National Congress | **INC** | Submitted with on time | 5 April, 2021 | - |
| 6 | Nationalist Congress Party | **NCP** | Submitted with on time | 30 June, 2021 | - |
| 7 | Bharatiya Janata Party | **BJP** | Submitted with delay | 22 July, 2021 | **21 days delay** |
| 8 | National People's Party | **NPEP** | **Statement is not available on the ECI website** | | **57 days delay** |

## राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के आय एवं व्यय - वित्तीय वर्ष-2019-20

- वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान **बीजेपी** ने कुल **रु 3623.28 करोड़** की आय घोषित किया है जिसमें से पार्टी ने केवल **रु 1651.022 करोड़** यानि कुल आय का **45.57%** खर्च किया, वही **कांग्रेस** ने **रु 682.21 करोड़** की कुल आय घोषित की है जिसमें से पार्टी का कुल खर्च (रु 998.158 करोड़) कुल आय से **46.31%** अधिक है |
- **सीपीएम** ने **रु 158.62 करोड़** की कुल आय घोषित की है जिसमें से पार्टी ने कुल आय का **62.63%** (रु 105.686 करोड़) खर्च किया है |
- **तृणमूल कांग्रेस** ने **रु 143.676 करोड़** की कुल आय घोषित की थी जिसमें से पार्टी ने कुल आय का **74.67%** (रु 107.277 करोड़) खर्च किया है |
- वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए **एनसीपी** और **बीएसपी** ने अपने कुल आय से क्रमशः **27.58%** और **63.17%** अधिक खर्च किया है |


| Party | Total income and expenditure declared by Political Parties, FY 2019-20 (in Rs cr) | | | |
|---|---|---|---|---|
| | Total declared Income (A) | Total declared Expenditure (B) | Excess of income over expenditure (A-B=C) | Share of income remaining unspent (C/A*100) |
| BJP | 3623.28 | 1651.022 | 1972.258 | 54.43% |
| INC | 682.21 | 998.158 | **-315.948** | **-46.31%** |
| CPM | 158.62 | 105.686 | 52.934 | 33.37% |
| AITC | 143.676 | 107.277 | 36.399 | 25.33% |
| NCP | 85.583 | 109.185 | **-23.60** | **-27.58%** |
| BSP | 58.256 | 95.054 | **-36.798** | **-63.17%** |
| CPI | 6.581 | 6.535 | 0.046 | 0.70% |
| **Total** | **Rs 4758.206 cr** | **Rs 3072.917 cr** | **Rs 1685.29 cr** | **35.42%** |



## वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए राष्ट्रीय दलों की कुल आय


- राष्ट्रीय दलों की आय पूरे भारतवर्ष से विभिन्न स्त्रोतों से संकलित की गई है जैसा की उन्होंने अपने ऑडिट रिपोर्ट में प्रस्तुत किया है |
- सात राष्ट्रीय दलों (बीजेपी, कांग्रेस, सीपीएम, एनसीपी, बीएसपी, तृणमूल कांग्रेस और सीपीआई) ने पूरे भारतवर्ष से कुल मिलाकर **रु 4758.206 करोड़** की आय घोषित की है |
- **बीजेपी** ने सबसे अधिक **रु 3623.28 करोड़** की आय घोषित की है जो इन 7 दलों के कुल आय का **76.15%** है, दूसरे स्थान पर **कांग्रेस** ने **रु 682.21 करोड़** की आय घोषित की है जो 7 राष्ट्रीय दलों के कुल आय का **14.34%** है |
- **सीपीआई** ने **रु 6.581 करोड़** की सबसे कम आय घोषित की है जो वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान 7 राष्ट्रीय दलों की कुल आय का मात्र **0.14%** है |

| Income of National Parties for FY 2019-20 | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **National Party** | **BJP** | **INC** | **CPM** | **AITC** | **NCP** | **BSP** | **CPI** |
| Total Income | Rs 3623.28 cr | Rs 682.21 cr | Rs 158.62 cr | Rs 143.676 cr | Rs 85.583 cr | Rs 58.256 cr | Rs 6.581 cr |
| % Share of total Income | **76.15%** | **14.34%** | **3.33%** | **3.02%** | **1.80%** | **1.22%** | **0.14%** |
| Grand Total | **Rs 4758.206 cr** | | | | | | |



## वित्तीय वर्ष 2018-19 और 2019-20 के बीच राष्ट्रीय दलों की कुल आय की तुलना

- **बीजेपी** की आय में **50.34%** (रु 1213.20 करोड़ ) की वृद्धि हुई है | **बीजेपी** ने वित्तीय वर्ष 2018-19 में **रु 2410.08 करोड़** की आय दर्शाया था लेकिन पार्टी की आय वित्तीय वर्ष 2019-20 में बढ़कर **रु 3623.28 करोड़** हो गयी है |
- **कांग्रेस** की आय में **25.69%** (रु 235.82 करोड़ ) की कमी आयी है | **कांग्रेस** ने वित्तीय वर्ष 2018-19 में **रु 918.03 करोड़** की आय घोषित की थी जो वित्तीय वर्ष 2019-20 में घटकर **रु 682.21 करोड़** हो गयी है |
- वित्तीय वर्ष 2018-19 और 2019-20 के बीच, **एनसीपी** की आय में सबसे अधिक **68.77%** (रु 34.873 करोड़) की वृद्धि हुई है **एनसीपी** ने वित्तीय वर्ष 2018-19 में **रु 50.71 करोड़** की आय घोषित की थी जो वित्तीय वर्ष 2019-20 में बढ़कर **रु 85.583 करोड़** हो गयी |
- वित्तीय वर्ष 2018-19 और 2019-20 के बीच, **तृणमूल कांग्रेस**, **बीएसपी** और **सीपीआई** की आय में क्रमशः **25.42%** (रु 48.974 करोड़), **16.53%** (रु 11.534 करोड़) और **7.96%** (रु 56.90 लाख) की कमी हुई है |





## राष्ट्रीय दलों द्वारा वित्तीय वर्ष 2019-20 में आय के प्रमुख 3 स्त्रोत

- राष्ट्रीय दलों के शीर्ष तीन मुख्य आय स्रोतों में दलों ने दान से अधिक धन प्राप्त किया है | **बीजेपी** ने रु 3427.775 करोड़, **कांग्रेस** ने रु 469.386 करोड़, **तृणमूल कांग्रेस** ने रु 108.548 करोड़, **सीपीएम** ने रु 93.017 करोड़ और **सीपीआई** ने रु 3.024 करोड़ |
- वित्तीय वर्ष 2019-20 में, **बीजेपी** को पूरे भारतवर्ष से **स्वैच्छिक योगदान** से सबसे अधिक **रु 3427.775 करोड़** प्राप्त हुआ है जो पार्टी की कुल आय का **94.60%** है |

- **कांग्रेस** को सबसे अधिक आय **रु 469.386 करोड़ "अनुदान/दान/योगदान"** से प्राप्त हुआ है जो कुल आय का **68.80%** है |
- **तृणमूल कांग्रेस**, **सीपीएम**, **एनसीपी** और **सीपीआई** ने क्रमशः **रु 108.548 करोड़**, **रु 93.017 करोड़**, **रु 83.3625 करोड़** और **रु 3.024 करोड़** का अनुदान/दान/स्वैच्छिक योगदान से उच्चतम आय घोषित की है जबकि **बीएसपी** को **बैंक ब्याज** से **रु 49.545 करोड़** की सबसे अधिक आमदनी हुई है |

## Primary sources of income of National Parties which have declared highest income, FY 2019-20 (In Rs Cr)





| Political Party | Total Income | Political Parties top 3 sources of Income: Financial Year 2019-20 | | |
|---|---|---|---|---|
| | | Top 3 Sources of Income | Amount (in Rs Cr) | Share of Income |
| **BJP** | **Rs 3623.28 cr** | Voluntary Contributions | 3427.775 | **94.60%** |
| | | Interest From Banks | 172.732 | 4.77% |
| | | Fee & Subscription | 21.708 | 0.60% |
| | | **Other Income** | 1.065 | 0.03% |
| **INC** | **Rs 682.21 cr** | Grants/Donations/Contributions | 469.386 | **68.80%** |
| | | Collection by Issuing Coupons | 192.457 | 28.21% |
| | | Fee & Subscriptions | 5.29 | 0.78% |
| | | **Other Income** | 15.077 | 2.21% |
| **CPM** | **Rs 158.62 cr** | Grants/Donations/Contributions | 93.017 | **58.64%** |
| | | Fees & Subscriptions | 39.225 | 24.73% |
| | | Interest From Banks | 18.07 | 11.39% |
| | | **Other Income** | 8.308 | 5.24% |
| **AITC** | **Rs 143.676 cr** | Donations/Contributions | 108.548 | **75.55%** |
| | | Fees & Subscriptions | 32.43 | 22.57% |
| | | Collections From Issuance Coupons & Mukhopatra | 0.166 | 0.12% |
| | | **Other Income** | 2.532 | 1.76% |
| **NCP** | **Rs 85.583 cr** | Grants/Donations/Contributions | 83.3625 | **97.405%** |
| | | Collection from Issuance of Coupons | 1.6308 | 1.906% |
| | | Fees & Subscriptions | 0.3923 | 0.458% |
| | | **Other Income** | 0.1975 | 0.231% |
| **BSP** | **Rs 58.256 cr** | Bank Interest | 49.545 | **85.05%** |

| Political Party | Total Income | Political Parties top 3 sources of Income: Financial Year 2019-20 | | |
|---|---|---|---|---|
| | | **Top 3 Sources of Income** | **Amount (in Rs Cr)** | **Share of Income** |
| | | Fees & Subscriptions | 8.245 | 14.15% |
| | | Interest on Income Tax Refund (AY-2016-17 & AY 2017-18) | 0.466 | 0.80% |
| | | **Other Income** | 0 | 0% |
| **CPI** | **Rs 6.581 cr** | Donations/Contribution | 3.024 | **45.95%** |
| | | Fees & Subscription | 2.077 | 31.56% |
| | | Bank Interest/FD Interest | 1.121 | 17.03% |
| | | **Other Income** | 0.359 | 5.46% |
| **Total Income declared** | | | **Rs 4758.206 cr** | |

## राष्ट्रीय दलों द्वारा वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान व्यय के प्रमुख 3 स्त्रोत

- वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान **बीजेपी** ने **रु 1352.928 करोड़** का खर्च **चुनाव/ सामान्य प्रचार** में और **रु 161.54 करोड़ प्रशासनिक लागत** में घोषित किया है |
- **कांग्रेस** ने सबसे अधिक व्यय **चुनाव खर्च** में (रु 864.035 करोड़) और **प्रशासनिक और सामान्य व्यय** में रु 99.393 करोड़ खर्च घोषित किया है|
- **एनसीपी**, **तृणमूल कांग्रेस** और **बीएसपी** ने **चुनाव खर्च** पर क्रमशः रु 84.126 करोड़, रु 74.65 करोड़ और रु 51.756 करोड़ का व्यय घोषित किया है |
- वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान **सीपीएम** ने अपने कुल खर्च का **35.90%** (रु 37.945 करोड़) व्यय **कर्मचारी लागत** पर दर्शाया है जबकि **सीपीआई** ने **प्रशासनिक और सामान्य खर्चों** पर कुल खर्च का **45.264%** (रु 2.958 करोड़) व्यय घोषित किया है |





| Political Party | Total Expenditure | Political Parties Top 3 Items of Expenditure: Financial Year 2019-20 | | |
|---|---|---|---|---|
| | | **Top 3 items of Expenditure** | **Amount (in Rs Cr)** | **% of Expenditure** |
| **BJP** | **Rs 1651.022 cr** | Election/General Propaganda | 1352.928 | **81.945%** |
| | | Administrative Costs | 161.54 | 9.784% |
| | | Depreciation | 82.51 | 4.998% |

| Political Party | Total Expenditure | Political Parties Top 3 Items of Expenditure: Financial Year 2019-20 | | |
|---|---|---|---|---|
| | | Top 3 items of Expenditure | Amount (in Rs Cr) | % of Expenditure |
| | | **Other Expenditure** | 54.044 | 3.273% |
| INC | Rs 998.158 cr | Election Expenditure | 864.035 | **86.56%** |
| | | Administrative and General Expenses | 99.393 | 9.96% |
| | | Employee Costs | 19.376 | 1.94% |
| | | **Other Expenditure** | 15.354 | 1.54% |
| NCP | Rs 109.185 cr | Election Expenditure | 84.126 | **77.05%** |
| | | Administrative and General Expenses | 23.327 | 21.36% |
| | | Employee Costs | 1.115 | 1.02% |
| | | **Other Expenditure** | 0.617 | 0.57% |
| AITC | Rs 107.277 cr | Election Expenditure | 74.65 | **69.59%** |
| | | Depreciation, Amortisation & Other Expenses | 31.68 | 29.53% |
| | | Administrative and General Expenses | 0.57 | 0.53% |
| | | **Other Expenditure** | 0.377 | 0.35% |
| CPM | Rs 105.686 cr | Employee Cost | 37.945 | **35.90%** |
| | | Administrative & General Expenses | 33.472 | 31.67% |
| | | Election Expenditure | 34.207 | 32.37% |
| | | **Other Expenditure** | 0.062 | 0.06% |
| BSP | Rs 95.054 cr | Election Expenditure | 51.756 | **54.45%** |
| | | Administrative & General Expenses | 16.084 | 16.92% |
| | | Employee Cost | 0.054 | 0.06% |
| | | **Other Expenditure** | 27.16 | 28.57% |
| CPI | Rs 6.535 cr | Administrative & General Expenses | 2.958 | **45.264%** |
| | | Allowance Exp. | 2.069 | 31.66% |
| | | Election Expenditure | 1.304 | 19.954% |
| | | **Other Expenditure** | 0.204 | 3.122% |
| **Total Expenditure declared** | | | **Rs 3072.917 cr** | |

## राष्ट्रीय दलों द्वारा घोषित आय के सभी स्त्रोत : वित्तीय वर्ष 2019-220

- वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान, **चार राष्ट्रीय दलों** (बीजेपी, कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और एनसीपी) ने अपनी कुल आय का **62.92%** (रु 2993.826 करोड़) की धनराशि **चुनावी बांड के माध्यम** से एकत्र किया है जिसमें **बीजेपी** ने रु 2555.0001 करोड़, **कांग्रेस** ने रु 317.861 करोड़, **तृणमूल कांग्रेस** ने रु 100.4646 करोड़ और **एनसीपी** ने रु 20.50 करोड़ की आय घोषित की है |
- 7 राष्ट्रीय दलों ने वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान सबसे अधिक **रु 1191.285 करोड़** की आय "**स्वैच्छिक योगदान**" से अर्जित की है |
- वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए 7 राष्ट्रीय दलों ने अन्य योगदान से **रु 573.095 करोड़** की आय दर्शायी है |

| Party | Share of income of political parties through Electoral Bonds, Donations/Contributions & other income, FY 2019-20 | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Share of donations through Electoral Bonds | Share | Share of donations/contributions | Share | Share of other sources of income | Share | Total declared Income |
| BJP | 2555.0001 | 70.516% | 872.775 | 24.088% | 195.505 | 5.396% | 3623.28 |
| INC | 317.861 | 46.59% | 151.526 | 22.21% | 212.823 | 31.20% | 682.21 |
| CPM | 0 | 0% | 93.017 | 58.64% | 65.603 | 41.36% | 158.62 |
| AITC | 100.4646 | 69.92% | 8.0835 | 5.63% | 35.128 | 24.45% | 143.676 |
| NCP | 20.50 | 23.95% | 62.86 | 73.45% | 2.223 | 2.60% | 85.583 |
| BSP | 0 | 0% | 0 | 0% | 58.256 | 100% | 58.256 |
| CPI | 0 | 0% | 3.024 | 45.95% | 3.557 | 54.05% | 6.581 |
| **Total** | **Rs 2993.826 cr** | **62.92%** | **Rs 1191.285 cr** | **25.04%** | **Rs 573.095 cr** | **12.04%** | **Rs 4758.206 cr** |




## एडीआर के अवलोकन

- वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए, चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों को ऑडिट रिपोर्ट जमा करने की समयसीमा 30 जून, 2021 तक बढ़ा दिया था इसके बावजूद भी **बीजेपी** ने अपना ऑडिट विवरण **21 दिनों** के बाद आयोग को प्रस्तुत किया जबकि **एनपीईपी** का ऑडिट रिपोर्ट आज की तारीख तक चुनाव आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध नहीं है |

- वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए, राष्ट्रीय दलों का सबसे अधिक मुख्य व्यय **चुनावी खर्च/सामान्य प्रचार** और **प्रशासनिक और सामान्य ख़र्च** है |

- चुनावी बांड द्वारा दान दाताओं को प्रदान की गई गुमनामी को देखते हुए, वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान राष्ट्रीय दलों का सबसे लोकप्रिय स्त्रोत बनके उभरा है | राष्ट्रीय दलों की वार्षिक आय **62%** (रु 2993.826 करोड़) से अधिक दान राशि **चुनावी बांड के माध्यम** से आया है | जिन दानदाताओं ने चुनावी बांड के माध्यम से दान दिया है उनकी पहचान सार्वजनिक तौर पर उपलब्ध नहीं होती है | अभी तक

आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध क्षेत्रीय दलों की ऑडिट रिपोर्ट के अध्ययन से पता चलता है की केवल **14 क्षेत्रीय दलों** (टीआरएस, टीडीपी, वाईएसआर-सी, बीजेडी, डीएमके, शिवसेना, आम आदमी पार्टी, जेडीयू, समाजवादी पार्टी, जेडीएस, शिरोमणि अकाली दल, एआईडीएमके, आरजेडी और जेएमएम) ने **चुनावी बॉन्ड** के माध्यम **रु 447.498 करोड़** का चंदा प्राप्त करने कि घोषणा की है |

- एडीआर के आरटीआई आवेदन के जवाब में एसबीआई द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान राजनीतिक दलों ने **रु 3429.5586 करोड़** के चुनावी बांड का नकदीकरण किया था | इसमें से **87.29%** का बांड राशि **चार राष्ट्रीय दलों** (बीजेपी, कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और एनसीपी) द्वारा प्राप्त किया गया था | वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए, राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों ने चुनावी बांड के माध्यम से **रु 3441.324 करोड़** की धनराशि घोषित की है | राजनीतिक दलों द्वारा घोषित धनराशि और एसबीआई से नकदीकरण किए गए चुनावी बांड राशि में अंतर देखा गया है जो दलों द्वारा अपने ऑडिट विवरण में घोषित रिपोर्ट करने के तरीके के कारण से हो सकता है | उदहारण के लिए : **आम आदमी पार्टी** ने आय के स्त्रोतों में "**अन्य (इलेक्टोरल बॉन्ड/इलेक्टोरल ट्रस्ट)** स्त्रोत के तहत चुनावी बॉन्ड से दान की घोषणा की है | यह भी नोट किया जा सकता है कि कई अन्य क्षेत्रीय दलों कि ऑडिट रिपोर्ट अभी तक चुनाव आयोग कि वेबसाइट पर उपलब्ध नहीं है | एक बार जब सभी दलों का ऑडिट रिपोर्ट उपलब्ध हो जाये और वो दल चुनावी बॉन्ड के माध्यम से दान प्राप्त करने कि घोषणा करते हैं तो चुनावी बॉन्ड से प्राप्त दान का कुल हिस्सा और बढ़ सकता है |

- कुछ राष्ट्रीय दलों ने **चुनावी बॉन्ड योजना 2018** की अत्यधिक आलोचना और योजना पर चिंता व्यक्त की है | वे सार्वजनिक बहस में इस योजना की आलोचना करते रहते हैं | **कांग्रेस ने लोक सभा चुनाव 2019** के लिए अपने घोषणापत्र में घोषणा की थी की अगर उनकी पार्टी सरकार में आती है तो वो इस चुनावी बॉन्ड योजना को **समाप्त कर देंगे** | हालाँकि, यह विडंबना है कि यही पार्टियां चुनावी बॉन्ड के माधयम से चंदा स्वीकार करना जारी रखती है | यह कुछ राजनीतिक दलों द्वारा अपनाए गए दोहरे मानकों को प्रदर्शित करता है |

## एडीआर के सुझाव

- सुप्रीम कोर्ट ने 13 सितम्बर 2013 को यह घोषित किया कि उम्मीदवारों के शपथपत्र का कोई भी हिस्सा खाली नहीं रहना चाहिए इसी के तर्ज पर फार्म 24ए (जोकि राजनीतिक दलों द्वारा रु 20,000 से ज्यादा दान देने वाले लोगों के लिए प्रस्तुत किया जाता है ) का भी कोई हिस्सा खाली नहीं होना चाहिए |
- क्योंकि राजनीतिक दलों की आय का अधिकतम प्रतिशत (70 प्रतिशत) अज्ञात स्त्रोतों से आता है, दानदाताओं की पूरी जानकारी, सार्वजनिक जाँच के लिए आम जनता को उपलब्ध होनी चाहिए | भूटान, नेपाल, जर्मनी, फ़्रांस, इटली, ब्राजील, बल्गेरिया, अमेरिका तथा जापान जैसे देशों में ऐसा किया जाता है | इन देशों में से किसी भी देश में राजनीतिक दलों के आय स्त्रोत का 70 प्रतिशत अज्ञात रहना असम्भव होगा |
- वित्त विधेयक 2017 के अनुसार इनकम टैक्स अधिनियम की धारा 13A में यह संशोधन किया गया था की सभी पंजीकृत राजनीतिक दलों को कर में छूट दी जाएगी "बशर्ते वो राजनीतिक दल जो अपने पिछले साल का आयकर विवरण (ऑडिट रिपोर्ट) एक निश्चित प्रारूप में नियमित तारीख तक आयकर विभाग को जमा करता है" | इस प्रकार जो दल निर्धारित तारीख पर या उससे पहले अपना ऑडिट रिपोर्ट आयकर विभाग को जमा नहीं करता है ऐसे दलों को कर में छूट नहीं देनी चाहिए और इनकी मान्यता भी रद्द कर देनी चाहिए |

- चुनावी बॉन्ड्स ने चुनावी फंडिंग के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी को रोककर नागरिकों के मौलिक 'जानने का अधिकार' का उल्लंघन किया है | इस तरह कि अपारदर्शिता बड़े सार्वजनिक हित कि कीमत पर है और पारदर्शिता और जवाबदेही के मूल सिद्धांतों के लिए एक गंभीर झटका है इसलिए चुनावी बॉन्ड्स योजना, 2018 को पूरी तरह से खत्म कर दिया जाना चाहिए |
- योजना की निरंतरता के मामले में, बॉन्ड दानदाता की गुमनामी के सिद्धांत को चुनावी बॉन्ड स्कीम 2018 में सार्वजनिक किया जाना चाहिए | सभी राजनीतिक दलों को जो चुनावी बॉन्ड के माध्यम से दान प्राप्त करते हैं, उन्हें अपने योगदान में दिए गए वित्तीय वर्ष में प्राप्त दान की कुल राशि के साथ प्रत्येक बॉन्ड के अनुसार दानदाताओं के विस्तृत विवरणों, प्रत्येक बॉन्ड की राशि और प्रत्येक बॉन्ड को प्राप्त क्रेडिट के पूर्ण विवरण की घोषणा करनी चाहिए | यह सुनिश्चित करने के लिए राजनीतिक दलों की वित्तीय स्थिति की एक सच्ची तस्वीर आम जनता के सामने आए, इसके लिए प्रक्रियाओं और रिपोर्टिंग ढांचे को मानकीकृत किया जाना चाहिए |
- राजनीतिक दलों को सूचना के अधिकार के तहत अपने वित्त सबंधित सभी जानकारी प्रदान करनी चाहिए जो राजनीतिक दलों, चुनावों और लोकतंत्र को मजबूत करेगा |
- चुनाव आयोग या अन्य संबंधित संस्थान को चुनावी बांड का नकदीकरण और दलों द्वारा घोषित बांड्स के भिन्नता की देखरेख की ज़िम्मेदारी सौपी जानी चाहिए |
- आईसीएआई के दिशानिर्देशों का पालन नहीं करने वाले राजनीतिक दलों को आयकर विभाग द्वारा जाँच किया जाना चाहिए |

राजनीतिक दलों की आय और व्यय से संबन्धित सारे रिपोर्ट इस लिंक पर उपलब्ध हैं , कृपया क्लिक करें

## अस्वीकरण

इस रिपोर्ट में सभी जानकारी चुनावी बांड योजना 2018 की राजपत्र अधिसूचना संख्या 20 और एडीआर द्वारा दायर आरटीआई के आवेदन से प्राप्त भारतीय स्टेट बैंक कि प्रतिक्रिया से ली गई है |

रिपोर्ट में इस्तेमाल सभी जानकारी चुनाव आयोग के वेबसाइट में राजनीतिक दलों के पेज. से लिया गया है https://eci.gov.in/files/category/1507-recognized-national-parties/ रिपोर्ट बनाते समय सुचना का पूर्ण ध्यान रखा गया है | यदि रिपोर्ट में दी गयी जानकारी में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कोई त्रुटि पायी जाती है तो राजनीतिक दलों द्वारा जमा किये गए ऑडिट रिपोर्ट का विवरण ही ठीक माना जायेगा | एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म और उनके स्वंयसेवक जिम्मेदार नही होंगे |

## सम्पर्क


| | | | |
|---|---|---|---|
| Media and Journalist Helpline<br>+91 80103 94248<br>Email: adr@adrindia.org | Maj. Gen Anil Verma (Retd.)<br>Head<br>National Election Watch,<br>Association for Democratic Reforms<br>+91 11 4165 4200<br>+91 88264 79910<br>anilverma@adrindia.org | Prof Jagdeep Chhokar<br>IIM Ahmedabad (Retd.)<br>Founder Member<br>National Election Watch,<br>Association for Democratic Reforms<br>+91 99996 20944<br>jchhokar@gmail.com | Prof Trilochan Sastry<br>IIM Bangalore<br>Founder Member,<br>National Election Watch,<br>Association for Democratic Reforms<br>+91 94483 53285<br>tsastry@gmail.com |